भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1086**

जिसका उत्तर शुक्रवार, 05 दिसम्बर, 2025/14 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाना है।

## नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का वितरण

**1086. श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव:**

क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ओडिशा के बलांगीर और सोनपुर जिलों को आवंटित विशिष्ट मात्रा सहित वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक के दौरान नैनो यूरिया और नैनो डीएपी वितरण का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने ओडिशा राज्य के बलांगीर जैसे सूखाग्रस्त जिलों में नैनो उर्वरकों की क्षेत्र-स्तरीय प्रभावकारिता का मूल्यांकन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या नैनो उर्वरकों के बारे में, विशेषकर पश्चिमी ओडिशा में, किसानों के लिए प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों का विस्तार करने की योजना है, जहां इसे सीमित किसानों ने ही अपनाया है?

**उत्तर**

**रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

**(क):** ओडिशा राज्य सहित देश भर में नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के वित्तीय वर्ष-वार वितरण को क्रमशः **अनुलग्नक क और ख** में दिया गया है। इसके अतिरिक्त, ओडिशा के बलांगीर और सोनपुर जिलों में नैनो यूरिया और नैनो डीएपी की बिक्री को **अनुलग्नक ग** में दिया गया है।

**(ख):** नैनो उर्वरकों की क्षेत्र-स्तरीय प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने के लिए, 21.20 करोड़ रुपये (जीएसटी सहित) की लागत से नैनो यूरिया के मूल्यांकन पर एक नेटवर्क परियोजना शुरू करने के लिए दिनांक 03.11.2025 को आईसीएआर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस परियोजना को उर्वरक संबंधी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/सहकारी समितियों द्वारा संयुक्त रूप से वित्त पोषित किया जाएगा। यह परियोजना पांच साल की अवधि में कार्यान्वित की जानी है। यह परियोजना भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद - केंद्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-सीआरआरआई), कटक, ओडिशा सहित कई कृषि विश्वविद्यालयों/संस्थानों में कार्यान्वित की जानी है।

इसके अलावा, आईसीएआर ने अगस्त 2024 में 2 साल की अवधि के लिए विभिन्न कृषि-पारिस्थितिकी क्षेत्रों में फसल वृद्धि, मिट्टी के स्वास्थ्य और पोषक तत्वों के उपयोग पर नैनो उर्वरकों के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए 160 लाख रुपये के कुल परिव्यय के साथ भारतीय उर्वरक और उर्वरक प्रौद्योगिकी अनुसंधान परिषद (आईसीएफएफटीआर) द्वारा वित्त पोषित की जाने वाली एक परियोजना भी शुरू की है।

इसके अतिरिक्त, इफको ने सूचित किया है कि उन्होंने किसान खेत परीक्षणों और ओडिशा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (ओयूएटी), भुवनेश्वर के साथ सहयोगात्मक परीक्षणों के माध्यम से धान, कपास, बैंगन जैसी फसलों पर बलांगीर जैसे सूखा प्रभावित जिले में अपने नैनो उर्वरकों का मूल्यांकन किया है। क्षेत्रीय अनुसंधान और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण स्टेशन (आरआरटीटीएस), ओयूएटी, भवानीपटना, कालाहांडी में बैंगन पर और ओयूएटी बीज अनुसंधान फार्म, बारगढ़ में धान पर किए गए नैनो उर्वरक परीक्षणों में दर्शाया गया कि रासायनिक उर्वरकों की लगभग 25-50% कम खुराक पर भी बेहतर उपज हुई।

**(ग):** ओडिशा राज्य सहित देश भर के किसानों के बीच नैनो उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित उपाय किए गए हैं-

i. नैनो उर्वरकों के उपयोग को विभिन्न गतिविधियों जैसे जागरूकता शिविरों, वेबिनार, क्षेत्र प्रदर्शनों, किसान सम्मेलनों और क्षेत्रीय भाषाओं में फिल्मों आदि के माध्यम से बढ़ावा दिया जाता है।

ii. नैनो उर्वरक संबंधित कंपनियों द्वारा प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों (पीएमकेएसके) पर उपलब्ध कराए जाते हैं।

iii. नैनो उर्वरकों को उर्वरक विभाग द्वारा नियमित रूप से जारी मासिक आपूर्ति योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है।

iv. पर्ण अनुप्रयोग के माध्यम से नैनो यूरिया जैसे नैनो उर्वरकों के सहज अनुप्रयोग और उपयोग के लिए, 'किसान ड्रोन' जैसे अभिनव छिड़काव विकल्प और खुदरा बिक्री केन्द्रों पर बैटरी संचालित स्प्रेयर के वितरण जैसी पहल की गई हैं। इस उद्देश्य के लिए, ग्राम स्तर के उद्यमियों के माध्यम से पायलट प्रशिक्षण और किराये पर (कस्टम हायरिंग) छिड़काव सेवाओं को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाता है।

v. उर्वरक विभाग ने उर्वरक कंपनियों के सहयोग से परामर्श और क्षेत्र स्तर के प्रदर्शनों के माध्यम से देश के सभी 15 कृषि-जलवायु क्षेत्रों में नैनो डीएपी को अपनाने के लिए एक महा अभियान शुरू किया है। इसके अलावा, उर्वरक विभाग ने उर्वरक कंपनियों के सहयोग से देश के 100 जिलों में नैनो यूरिया प्लस के क्षेत्रीय स्तर के प्रदर्शनों और जागरूकता कार्यक्रमों के लिए अभियान भी शुरू किया है।

vi. इफको ने सूचित किया है कि वे ओडिशा राज्य में क्षेत्रीय स्तर तक फील्ड प्रदर्शनों, किसान बैठकों, बिक्री केन्द्र कार्मिक प्रशिक्षणों, ड्रोन छिड़काव अभियानों, रोड शो, प्रचार-प्रसार वैन, दीवार पेंटिंग आदि जैसे नियमित प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं।

*****

**यह अनुलग्नक दिनांक 05.12.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.1086 के उत्तर के भाग (क) से संबंधित है।**

**अनुलग्नक_क**

**नैनो यूरिया**
**(मात्रा प्रत्येक 500 मिलीलीटर की लाख बोतलों में)**

| क्र.सं. | राज्य का नाम | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
|---|---|---|---|---|
| | | बिक्री | बिक्री | बिक्री |
| 1 | अंडमान और निकोबार | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 4.80 | 3.24 | 3.02 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 4 | असम | 5.34 | 7.46 | 11.33 |
| 5 | बिहार | 28.56 | 12.82 | 12.15 |
| 6 | चंडीगढ़ | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 11.02 | 4.33 | 3.56 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 9 | दमन और दीव | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 10 | दिल्ली | 0.10 | 0.23 | 0.00 |
| 11 | गोवा | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 12 | गुजरात | 17.60 | 27.47 | 30.12 |
| 13 | हरियाणा | 12.59 | 8.25 | 10.21 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 1.27 | 1.53 | 1.73 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 3.00 | 2.95 | 1.26 |
| 16 | झारखंड | 3.66 | 2.22 | 3.94 |
| 17 | कर्नाटक | 19.64 | 9.59 | 15.57 |
| 18 | केरल | 1.20 | 0.60 | 0.76 |
| 19 | लक्षद्वीप | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 23.38 | 16.28 | 24.89 |
| 21 | महाराष्ट्र | 25.04 | 14.92 | 35.59 |
| 22 | मणिपुर | 0.44 | 0.09 | 0.00 |
| 23 | मेघालय | 0.00 | 0.01 | 0.00 |
| 24 | मिजोरम | 0.17 | 0.68 | 0.00 |
| 25 | नागालैंड | 0.00 | 0.01 | 0.00 |
| 26 | ओडिशा | 11.21 | 6.78 | 5.78 |
| 27 | पुडुचेरी | 0.08 | 0.01 | 0.00 |
| 28 | पंजाब | 22.71 | 22.79 | 24.79 |
| 29 | राजस्थान | 25.23 | 20.08 | 22.11 |
| 30 | सिक्किम | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 31 | तमिलनाडु | 9.94 | 4.62 | 7.19 |
| 32 | तेलंगाना | 6.00 | 3.09 | 5.31 |
| 33 | त्रिपुरा | 0.16 | 0.01 | 0.00 |
| 34 | उत्तराखंड | 2.34 | 1.68 | 27.94 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 63.52 | 22.59 | 4.59 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 26.36 | 12.42 | 21.79 |
| **सकल योग** | | **325.35** | **206.77** | **273.62** |

**यह अनुलग्नक दिनांक 05.12.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.1086 के उत्तर के भाग (क) से संबंधित है।**

**अनुलग्नक ख**

| नैनो डीएपी (मात्रा प्रत्येक 500 मिलीलीटर की लाख बोतलों में ) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य का नाम | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| | | बिक्री | बिक्री | बिक्री |
| 1 | अंडमान और निकोबार | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 0.00 | 2.74 | 9.62 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 4 | असम | 0.00 | 0.46 | 1.63 |
| 5 | बिहार | 0.00 | 1.43 | 5.46 |
| 6 | चंडीगढ़ | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 0.00 | 0.65 | 2.86 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 9 | दमन और दीव | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 10 | दिल्ली | 0.00 | 0.02 | 0.00 |
| 11 | गोवा | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 12 | गुजरात | 0.00 | 4.17 | 9.29 |
| 13 | हरियाणा | 0.00 | 1.52 | 1.83 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 0.00 | 0.17 | 0.14 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 0.00 | 0.48 | 0.42 |
| 16 | झारखंड | 0.00 | 0.30 | 0.63 |
| 17 | कर्नाटक | 0.00 | 4.13 | 11.45 |
| 18 | केरल | 0.00 | 0.17 | 0.26 |
| 19 | लक्षद्वीप | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 0.00 | 5.22 | 18.03 |
| 21 | महाराष्ट्र | 0.00 | 8.36 | 30.89 |
| 22 | मणिपुर | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 23 | मेघालय | 0.00 | 0.01 | 0.00 |
| 24 | मिजोरम | 0.00 | 0.08 | 0.00 |
| 25 | नागालैंड | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 26 | ओडिशा | 0.00 | 0.99 | 5.55 |
| 27 | पुडुचेरी | 0.00 | 0.02 | 0.07 |
| 28 | पंजाब | 0.00 | 2.19 | 5.77 |
| 29 | राजस्थान | 0.00 | 3.96 | 10.04 |
| 30 | सिक्किम | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 31 | तमिलनाडु | 0.00 | 1.54 | 3.63 |
| 32 | तेलंगाना | 0.00 | 1.87 | 6.04 |
| 33 | त्रिपुरा | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 34 | उत्तराखंड | 0.00 | 0.42 | 16.57 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 0.00 | 12.97 | 8.42 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 0.00 | 3.98 | 11.40 |
| **सकल योग** | | **0.00** | **57.82** | **160.00** |

**यह अनुलग्नक दिनांक 05.12.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.1086 के उत्तर के भाग (क) से संबंधित है।**

**<u>अनुलग्नक ग</u>**

| ओडिशा राज्य में नैनो यूरिया और नैनो डीएपी की बिक्री<br>मात्रा प्रत्येक 500 मिलीलीटर की लाख बोतलों में | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **जिले का नाम** | **2022-23** | | **2023-24** | | **2024-25** | |
| | | **नैनो यूरिया** | **नैनो डीएपी** | **नैनो यूरिया** | **नैनो डीएपी** | **नैनो यूरिया** | **नैनो डीएपी** |
| 1 | सोनपुर | 0.185 | 0.000 | 0.269 | 0.014 | 0.081 | 0.168 |
| 2 | बलांगीर | 0.301 | 0.000 | 0.277 | 0.034 | 0.176 | 0.183 |